# छत्तीसगढ़ विधान सभा

## पत्रक भाग - एक

## संक्षिप्त कार्य विवरण

चतुर्थ विधान सभा सप्तम सत्र अंक-04

रायपुर, मंगलवार, दिनांक 08 मार्च, 2016

(फाल्गुन 18, शक संवत् 1937)

विधान सभा पूर्वाह्न 11.00 बजे समवेत हुई।

**(अध्यक्ष महोदय (श्री गौरीशंकर अग्रवाल) पीठासीन हुए।)**

### 1. प्रश्नकाल

प्रश्नोत्तर सूची में शामिल 25 तारांकित प्रश्नों में से प्रश्न संख्या 01 से 14 (कुल 14) प्रश्नों पर अनुपूरक प्रश्न पूछे गये। प्रश्नोत्तर सूची में नियम 46 (2) के अंतर्गत अतारांकित प्रश्नों के रूप में परिवर्तित 40 तारांकित एवं 67 अतारांकित प्रश्नों के उत्तर भी शामिल थे ।

### 2. अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर विशेष उल्लेख

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर माननीय अध्यक्ष ने विशेष उल्लेख किया :-

संपूर्ण विश्व में संयुक्त राष्ट्र संघ के सदस्य देश प्रत्येक वर्ष 8 मार्च को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाते हैं।

आज मंगलवार, दिनांक 8 मार्च, 2016 को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस है, संयुक्त राष्ट्र ने इस वर्ष अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की थीम Planet 50-50 by 2030 : step It Up for Gender Equality अर्थात् ''लैंगिक समानता के लिए 2030 तक दुनिया 50-50", लक्ष्य निर्धारित किया गया है। हमें यह लक्ष्य प्राप्त करने के लिए प्रयास करने होंगे।

हमारे देश में प्राचीन काल से ही हमारे पूर्वज भी मानते थे ''यत्र नार्यस्तु पूज्यंते रमन्ते तत्र देवता'' अर्थात् जहाॅ नारी की पूजा होती है वहाॅ देवता निवास करते हैं। भारतीय संस्कृति सदैव मातृशक्ति की उपासना पर विश्वास करती है। महिलाएं राष्ट्र के निर्माण में पीढ़ियों से योगदान कर रही है।

हमारे देश का संविधान महिलाओं एवं पुरूषों को समान अधिकार प्रदान करता है। महिलाओं के उत्थान एवं सशक्तिकरण हेतु देश के संविधान एवं अधिनियमों में समय-समय पर संशोधन किए गए और उसका ही परिणाम है कि देश के नगरीय निकायों एवं ग्राम पंचायतों में महिला प्रतिनिधियों की भागीदारी में अभिवृद्धि हुई है।

प्रधान मंत्री माननीय श्री नरेन्द्र मोदी ने महिला जनप्रतिनिधियों से आव्हान किया है कि वे विधायिका की भूमिका के प्रति गंभीर होकर अपनी भूमिका के प्रति अधिक से अधिक जागरूकता दिखाए।

हमारा यह अनुभव रहा है कि महिला नेतृत्व में देश की तकदीर बदलने की क्षमता है और उन्होंने कई बड़े-बड़े परिवर्तन किए हैं, उनमें बहुमुखी प्रतिभा विद्‌यमान है और वे पुरूषों के मुकाबले ज्यादा जिम्मेदारी निभाती है और अब जैसा कि इस वर्ष अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की थीम  है '' लैंगिक समानता के लिए 2030 तक दुनिया 50-50''

महिलाओं की सहभागिता के बिना किसी भी राष्ट्र के विकास की कल्पना नहीं की जा सकती।

इस परिप्रेक्ष्य में हमें महिलाओं को पुरूषों के समान भागीदारी देने हेतु प्रतिबद्ध होना होगा।

आज अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवर पर हम सब संकल्पित हों कि :-

1. महिलाओं एवं बालिकाओं  को उनकी महत्वाकांक्षा की प्राप्ति में सहायता करेंगे।
2. पूर्वाग्रह से मुक्त रहते हुए उनकी चुनौती क्षमता के प्रति सचेत रहेंगे।
3. लिंगानुपात में नेतृत्व का समर्थन करेंगे।
4. महिला एवं पुरूषों  के योगदान को समान रूप से महत्व देंगे।
5. समावेशी स्थिति अनुरूप संस्कृतियों का विकास करेंगे।

श्री अजय चंद्राकर-संसदीय कार्य मंत्री, श्री टी.एस.सिंहदेव-नेता प्रतिपक्ष, श्री बृजमोहन अग्रवाल-कृषि मंत्री एवं डॉ. (श्रीमती) रेणु जोगी, सदस्य ने भी इस अवसर पर अपने उद्‌गार व्यक्त किये।

(सदन द्‌वारा सहमति प्रदान की गई)

## 3. पत्रों का पटल पर रखा जाना

श्री पुन्नूलाल मोहले, योजना, आर्थिक एवं सांख्यिकी मंत्री ने छत्तीसगढ़ राज्य का आर्थिक सर्वेक्षण वर्ष 2015-2016 **पटल पर रखा।**

## 4. पृच्छा

श्री भूपेश बघेल, सदस्य ने चिटफंड कंपनी के संबंध में लोक निर्माण मंत्री द्वारा दी गई चुनौती के संबंध में दस्तावेज पटल पर रखने की मांग एवं सभा की समिति गठित कर जांच कराये जाने की मांग की।

माननीय अध्यक्ष ने व्यवस्था दी कि - यह मामला उसी दिन समाप्त हो गया था। सदन की समिति गठन का मामला सदन की इच्छा पर निर्भर है । जब पक्ष एवं प्रतिपक्ष सहमत हों तब ही सदन की समिति का गठन संभव है। यह विषय आसंदी का नहीं है।

प्रक्रिया के अंतर्गत यदि कोई सूचना प्राप्त होती है तो वे उस पर विचार करेंगे।

(भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस दल के सदस्यों द्वारा नारेबाजी की गई।)

(निरंतर नारेबाजी के कारण सदन की कार्यवाही 12.37 बजे स्थगित की जाकर 12.47 बजे पुन: समवेत हुई।)

**(उपाध्यक्ष महोदय (श्री बद्रीधर दीवान) पीठासीन हुए।)**

श्री टी.एस.सिंहदेव, नेता प्रतिपक्ष ने दस्तावेज पटल पर रखने की मांग एवं सभा की समिति गठित कर जांच कराये जाने की मांग की।

माननीय उपाध्यक्ष ने व्यवस्था दी कि व्यवस्था के पश्चात इस संबंध में कोई चर्चा नहीं होगी। सूचना मिलने पर इस पर विचार किया जायेगा।

## 5. ध्यानाकर्षण सूचना

(1) सर्वश्री उमेश पटेल, मोतीलाल देवांगन, भूपेश बघेल, सदस्य ने प्रदेश में ईस्ट रेल कॉरिडोर भूपदेवपुर-धरमजयगढ़ परियोजना के प्रभावित हितग्राहियों को मुआवजा एवं नौकरी नहीं दिये जाने की ओर राजस्व मंत्री का ध्यान आकर्षित किया।

श्री गोवर्धन सिंह मांझी, संसदीय सचिव ने इस पर वक्तव्य दिया।

(माननीय उपाध्यक्ष ने सदन की सहमति से भोजनावकाश् निरस्त किये जाने की घोषणा की)

## 6. बहिर्गमन

श्री भूपेश बघेल, सदस्य के नेतृत्व में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस दल के सदस्यों ने बहिर्गमन किया ।

## 7. ध्यानाकर्षण सूचना (क्रमश:)

(2) श्री संतोष बाफना, सदस्य ने बस्तर क्षेत्र के मजदूरों का अन्य राज्यों में पलायन एवं मौत होने की ओर श्रम मंत्री का ध्यान आकर्षित किया।

श्री भईयालाल राजवाड़े, श्रम मंत्री ने इस पर वक्तव्य दिया।

## 8. नियम 267-क के अंतर्गत विषय

माननीय उपाध्यक्ष के निर्देशानुसार निम्नलिखित सदस्यों की नियम 267-क की सूचनाएं पढ़ी हुई मानी गईं :-

(1) श्री संतोष बाफना
(2) श्री केशव चंद्रा
(3) श्री संतराम नेताम
(4) डॉ. विमल चोपड़ा
(5) श्री अरूण वोरा

## 9. प्रतिवेदनों की प्रस्तुति

श्रीमती केरा बाई मनहर, सदस्य ने याचिका समिति का तृतीय, चतुर्थ एवं पंचम प्रतिवेदन प्रस्तुत किया।

## 10. याचिकाओं की प्रस्तुति

माननीय उपाध्यक्ष के निर्देशानुसार श्री मोतीलाल देवांगन, सदस्य की याचिकाएं पढ़ी हुई मानी गईं।

(भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस दल के सदस्यों द्वारा नारेबाजी की गई।)

## 11. बहिर्गमन

श्री टी.एस.सिंहदेव, नेता प्रतिपक्ष के नेतृत्व में ध्यानाकर्षण क्रमांक 2 पर चर्चा के उत्तर से असंतुष्ट होकर भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस दल के सदस्यों ने बहिर्गमन किया ।

## 12. माननीय राज्यपाल के अभिभाषण पर प्रस्तुत कृतज्ञता ज्ञापन प्रस्ताव पर चर्चा (क्रमश:)

श्री शिवरतन शर्मा, सदस्य ने चर्चा प्रारंभ की।

**(सभापति महोदय (श्री देवजी भाई पटेल) पीठासीन हुए।)**

माननीय राज्यपाल महोदय के अभिभाषण पर निम्नलिखित सदस्यों के संशोधन प्राप्त हुए :-

सर्वश्री टी.एस.सिंहदेव, भूपेश बघेल, सत्यनारायण शर्मा, धनेन्द्र साहू, डॉ(श्रीमती) रेणु जोगी, सर्वश्री भोलाराम साहू, बघेल लखेश्वर, बृहस्पत सिंह, श्रीमती देवती कर्मा, श्रीमती अनिला भेंड़िया, सर्वश्री दीपक बैज, (डॉ0) विमल चोपड़ा, मोहन मरकाम, गिरवर जंघेल, अरूण वोरा, संतराम नेताम, श्रीमती तेजकुंवर गोवर्धन नेताम, श्री केशव चंद्रा।

माननीय राज्यपाल महोदय के अभिभाषण पर प्रस्तुत ज्ञापन प्रस्ताव व संशोधनों पर एक साथ हुई चर्चा मे निम्नलिखित सदस्यों ने भाग लिया :-

सर्वश्री सत्यनारायण शर्मा, अवधेश सिंह चंदेल, धनेन्द्र साहू डॉ.खिलावन साहू,

**(सभापति महोदय (श्री शिवरतन शर्मा) पीठासीन हुए।)**

सर्वश्री मोहन मरकाम, श्रीचंद सुंदरानी, बृहस्पत सिंह, राजमहंत सांवलाराम डाहरे, कवासी लखमा, रामलाल चौहान, भोलाराम साहू, श्रवण मरकाम, सियाराम कौशिक, (डॉ.) सनम जांगड़े, दीपक बैज, केशव चंद्रा, डॉ. (श्रीमती) रेणु जोगी,

(माननीय सभापति ने सदन की सहमति से माननीय राज्यपाल महोदय के अभिभाषण पर प्रस्तुत कृतज्ञता ज्ञापन प्रस्ताव पर चर्चा पूर्ण होने तथा माननीय मुख्यमंत्री का जवाब आने तक सदन के समय में वृद्धि की घोषणा की)

**(अध्यक्ष महोदय (श्री गौरीशंकर अग्रवाल) पीठासीन हुए।)**

श्री अमित अजीत जोगी, डॉ. विमल चोपड़ा, श्री टी.एस.सिंहदेव-नेता प्रतिपक्ष (जारी)

**(सभापति महोदय (श्री देवजी भाई पटेल) पीठासीन हुए।)**

श्री टी.एस.सिंहदेव-नेता प्रतिपक्ष।

**(अध्यक्ष महोदय (श्री गौरीशंकर अग्रवाल) पीठासीन हुए।)**

डॉ. रमन सिंह, मुख्यमंत्री ने चर्चा का उत्तर दिया।

**समस्त संशोधनों पर एक साथ मत लिया गया।**

**समस्त संशोधन अस्वीकृत हुए।**
**प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।**

**सायं 7.35 बजे विधान सभा की कार्यवाही बुधवार, दिनांक 09 मार्च, 2016 (फाल्गुन-19, शक संवत् 1937) के पूर्वाह्न 11.00 बजे तक के लिए स्थगित की गई ।**

**देवेन्द्र वर्मा**
प्रमुख सचिव
छत्तीसगढ़ विधान सभा